Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding development of Smart Schools under NEP-2020 in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): आज हमारे देश के शिक्षा व्यवस्था में अमूल चूल परिवर्तन करने के लिए "नई शिक्षा निति 2020" के सिफारिशों के अनुरूप "समग्र शिक्षा अभियान-2.0" को 01 अप्रैल 2021 से आरम्भ किया गया है l इस योजना के तहत देश के लाखों विद्यालयों को स्मार्ट क्लासेज से सुसज्जित कर स्मार्ट स्कुल के रूप में स्थापित करने की योजना है l इसके माध्यम से चरण बद्ध तरीके से विधालयों में बाल वाटिका,स्मार्ट कक्षा और प्रशिक्षित शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना है ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को ई-लर्निग और पढ़ाई के डिजिटल तरीकों के माध्यम से पढ़ाया जाये l

अत: शिक्षा मंत्री से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज,बिहार अंतर्गत माँझी,एकमा,बनियापुर,तरैया,गोरियाकोठी एवं महाराजगंज विधानसभा क्षेत्रों के सभी विद्यालयों एवं विशेषकर बालिका विद्यालयों को उक्त योजना के तहत स्मार्ट स्कुल के रूप में विकसित किया जाये l